DATE:-18-01-2026_PATRIKA SATNA SANSKARAN

मिल्क डिलीवरी वाहन को हरी झंडी

सतना @ पत्रिका. स्वदेश मिल्क प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने सतना में घर-घर मिल्क प्रोडक्ट्स पहुंचाने के लिए नई पहल की शुरुआत की है। कंपनी के प्रबंध निदेशक पियूष उपाध्याय ने शनिवार को मिल्क डिलीवरी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपाध्याय ने कहा कि कंपनी ने उत्पाद शुद्धता, गुणवत्ता और स्वदेशी मूल्यों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पाद उपलब्ध कराना और उनके विश्वास को और मजबूत करना है। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे।